सुनु मुनि तोहि कहउँ सहरोसा । भजहिं जे मोहि तजि सकल भरोसा ।।
करउँ तिन्ह कै रखवारी । जिमि बालक राखइ महतारी ।।
|| Ram Katha 961 - ॐमानस राम रक्षा || Mombasa (Kenya) || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 30 | इंदौर, मंगलवार 12 अगस्त, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## मोदी 25 अगस्त को करेंगे मप्र के पहले पीएम मित्रा पार्क का भूमिपूजन

### मालवा क्षेत्र को मिलेगा नया औद्योगिक हब



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धार जिले के बदनावर क्षेत्र में 25 अगस्त को देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को बताया कि यह मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल पार्क (PM MITRA Park) मालवा क्षेत्र के विकास को नई दिशा देगा और धार के पीथमपुर की तरह एक बड़ा औद्योगिक हब बनाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मित्रा पार्क के निर्माण से करीब तीन लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। इसके अलावा, कपास उत्पादक किसानों को भी इस परियोजना से फायदा होगा। बदनावर क्षेत्र अब इंदौर मेट्रोपॉलिटन सिटी का हिस्सा बन जाएगा, जिससे इसे आधुनिक शहर की सभी सुविधाएं मिलेंगी। क्षेत्र में फोर लेन सड़क, रेल एवं हवाई संपर्क की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि उद्योगों का सुगम परिवहन हो सके।

### श्रमिकों के आवास तैयार करने के निर्देश

डॉ. मोहन यादव ने बताया कि पीएम मित्रा पार्क की तैयारियों की समीक्षा के लिए उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इंदौर और धार के अधिकारियों से बातचीत की है। उन्होंने सभी अधिकारियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में क्षेत्रीय किसानों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, प्रतिभागियों के पहुंचने के मार्गों की मरम्मत और व्यापक व्यवस्था बनाने पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने मालवा क्षेत्र के जिलों में कौशल विकास केंद्र शुरू करने और श्रमिकों के आवास की तैयारी करने के भी निर्देश दिए ताकि उद्योग शुरू होने पर आवश्यक कारीगर उपलब्ध हों। बदनावर से थांदला रोड की सड़क कनेक्टिविटी भी एनएचएआई द्वारा मंजूर हो चुकी है, जिससे इस क्षेत्र का परिवहन और बेहतर होगा।

### प्रदेश के 54.23 लाख से अधिक किसानों को मिली

# 1383 करोड़ रुपये की फसल बीमा राशि, सीएम ने जताया आभार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा देश के किसानों सहित मध्य प्रदेश के 54 लाख 23 हजार 287 किसानों को लगभग 1383 करोड़ रुपये की फसल बीमा राशि हस्तांतरित की गई। उन्होंने कहा कि किसानों के खातों में डाली गई यह राशि लगभग 3 वर्षों के अलग-अलग फसल बीमा की है।



इसमें वित्त वर्ष 2023-24 के रबी फसल की बीमा राशि, वर्ष 2024 की खरीफ फसल की बीमा राशि और वित्त वर्ष 2024-25 की रबी सीजन की विभिन्न फसलों की बीमा राशि किसानों के खातों में डाली गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह देश के अन्नदाता किसानों के प्रति संवेदनशीलता ही है कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष तक की फसल बीमा राशि किसानों को दे दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के किसानों को गत तीन साल की फसल बीमा राशि की एकमुश्त सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जारी संदेश में कहा कि फसल बीमा की राशि का ऐसे समय में आना एक तरह से किसानों के लिए आर्थिक रूप से बेहद मददगार है। उन्होंने कहा कि अभी जब बारिश का समय चल रहा है और खरीफ फसल आने में करीब 2 महीने से ज्यादा का समय बाकी है, ऐसे त्योहार के सीजन में फसल बीमा की राशि का आना किसानों के लिए बड़ी सौगात है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसानों के हित में हर कदम पर सदैव साथ है। फसलों को किसी भी कारण से हुए नुकसान की बीमा राशि दिलाई जाएगी।

# बारिश की कमी से हालात गंभीर

### फसल में फूल मुरझाने लगे हैं और किसानों की चिंता बढ़ गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर और आसपास के जिलों में कम बारिश अब आफत का रूप ले रही है। लोग गर्मी और उमस से परेशान हैं और फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। सोयाबीन की फसल को पानी न मिलने से फूल मुरझाने लगे हैं। बोरिंगों का पानी भी खत्म हो रहा है और अगस्त का महीना भी सूखा ही बीता जा रहा है। प्रदेश के 52 जिलों में इंदौर बारिश के मामले में सबसे पीछे है।**

मानसूनी सीजन को करीब ढाई महीना बीतने को है। मध्यप्रदेश में अब तक औसत 29.3 इंच बारिश हो चुकी है, जो कोटे की 79 प्रतिशत है। बता दें कि प्रदेश में 16 जून को मानसून ने आमद दी थी। तब से अब तक औसत



29.3 इंच बारिश हो चुकी है। अब तक 22.5 इंच पानी गिरना था। इस हिसाब से 6.8 इंच पानी ज्यादा गिर चुका है।

मौसम विभाग ने अबकी बार सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान जताया है। ग्वालियर समेत 10 जिलों में बारिश का कोटा पूरा हो चुका है, जबकि इंदौर संभाग के 8 में से 6 जिलों में सूखे जैसी स्थिति है। उज्जैन संभाग भी पिछड़ा है। दूसरी ओर, ग्वालियर, जबलपुर संभाग की तस्वीर सबसे बेहतर है। भोपाल में आधी से ज्यादा बारिश हो चुकी है। प्रदेश की सामान्य बारिश औसत 37 इंच है। इंदौर और उज्जैन संभाग में सिस्टम की एक्टिविटी कम देखने को मिलीं। इस वजह से दोनों संभाग के 15 में से 9 जिलों में कोटे की आधी बारिश भी नहीं हुई है। जुलाई में कम बारिश की भरपाई अगस्त से होने की उम्मीद थी, लेकिन इसके भी 10 दिन सूखे बीत गए। बारिश की यह लंबी खेंच अब शहर से लेकर गांवों तक चिंता पैदा कर रही है। जिस तरह जुलाई के शुरुआती 20 दिन सूखे बीते थे, वैसी ही स्थिति अगस्त की भी बनती दिख रही है। 2002 के बाद ऐसी स्थिति है, जब जुलाई और अगस्त का पहला पखवाड़ा गर्मी के दिनों जैसा बीता। दोनों महीनों के शुरुआती 15 20 दिन में मात्र 15-16 मिलीमीटर ही बारिश हुई। इधर, 1 जून से अब तक कुल बारिश 11.5 इंच ही हुई, जबकि इस समय तक 20.3 इंच पानी बरस जाना चाहिए था।

### 13 अगस्त के बाद फिर बारिश की उम्मीद

एक बार फिर से प्रदेश में तेज बारिश का दौर शुरू हो सकता है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन के अनुसार, 13 अगस्त से नया सिस्टम एक्टिव हो रहा है। जिसकी एक्टिविटी प्रदेश में भी देखने को मिलेगी।

# 13 अगस्त को 'हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता', निकलेगी रैली

## निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों के पोषण स्तर में सुधार के लिए मदद करेंगे कार्यालय प्रमुख

**इंदौर। शहर में 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत लगातार विभिन्न गतिविधियां और कार्यक्रमों का आयोजन हो रहे हैं। इसी के तहत इंदौर में 13 अगस्त को रैली निकाली जाएगी।**



रैली में समाज के हर वर्ग की भागीदारी रहेगी। जिले में टीबी नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सभी कार्यालय प्रमुख निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों के पोषण स्तर में सुधार में मदद करेंगे। सोमवार को कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में हुई समय-सीमा (टीएल) के पत्रों के निराकरण एवं अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक में यह जानकारी दी गई। बैठक में जिले में संचालित शासकीय योजनाओं, अभियान और शासन के निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत 13 अगस्त को निकाली जाने वाली रैली की तैयारियों की समीक्षा की गई। इसमें निर्देश दिए गए कि 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। अभियान के तहत 15 अगस्त तक लगातार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित की जाएं। 3 अगस्त को विशाल रैली आयोजित होगी। इसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी रहेगी। कलेक्टर ने समाज के हर वर्ग से इस रैली में पूर्ण उत्साह और उमंग के साथ शामिल होने की अपील की है। बैठक में बताया है कि इंदौर में टीबी नियंत्रण कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिले को टीबी से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं। इसी के तहत निक्षय मित्र योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। अब इस योजना से सभी शासकीय विभाग के कार्यालय प्रमुख भी जुड़ेंगे। वे निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों के पोषण स्तर में सुधार के लिए स्वेच्छा से सहभागी बनेंगे। यह योजना पूरी तरह स्वैच्छिक है। इसके तहत 500 रुपए प्रतिमाह देकर मरीजों के लिए पौष्टिक आहार की व्यवस्था की जाती है। कोई भी निक्षय मित्र 6 माह से लेकर 3 साल तक के लिए एक या एक से अधिक मरीजों की मदद कर सकते हैं। अभियान के तहत कोई भी नागरिक वॉलियंटियर कार्यक्रम से जुड़कर देशभक्ति के दूत बन सकते हैं। पंजीयत दूत को संस्कृति मंत्रालय का आधिकारिक प्रमाण पत्र मिलेगा। सबसे अधिक तस्वीरें अपलोड करने वाले शीर्ष एंबेसडर्स को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

एक वॉलंटियर के रूप में, पंजीकृत वालंटियर्स देशभक्ति के स्तंभ बनकर घर-घर, स्कूलों और समुदायों को भारतीय ध्वज फहराने और एकता की भावना का गर्व से उत्सव मनाने के लिए प्रेरित करेंगे। संस्कृति मंत्रालय के देखरेख में 'हर घर तिरंगा' वॉलंटियर कार्यक्रम एक राष्ट्रव्यापी नागरिक-आधारित पहल है, जिसका उद्देश्य घर-घर, स्कूलों और समुदायों को भारतीय ध्वज फहराने तथा राष्ट्रीय एकता और गर्व का उत्सव मनाने के लिए प्रेरित करना है। एक वॉलंटियर के रूप में शामिल होकर प्रत्येक घर को तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देंगे। वे राष्ट्रीय पहचान को मजबूत करने वाले ऐतिहासिक जन आंदोलन का हिस्सा बनेंगे और अपने योगदान के लिए संस्कृति मंत्रालय से मान्यता प्राप्त करेंगे। इस अभियान में वॉलंटियर अपने क्षेत्र में तिरंगे की प्रेरणादायक कहानियां साझा करना, भारत के ध्वज संहिता के अनुसार नागरिकों को ध्वज फहराने में सहयोग देना, पोर्टल पर तिरंगा सेल्फी अपलोड करने में लोगों की सहायता करना, डाकघर से झंडे क्रय कर उन्हें मोहल्लों व गांवों में वितरित करने के प्रमुख कामों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। अभियान सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर वालंटियर्स को संस्कृति मंत्रालय का आधिकारिक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। सबसे अधिक तस्वीरें अपलोड करने वाले शीर्ष एंबेसडर्स को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक नागरिक 'हर घर तिरंगा' पोर्टल की लिंक पर वॉलंटियर पंजीकरण फॉर्म भरकर जुड़ सकते हैं। पंजीकरण करते समय स्थानीय कामों के लिए अपना सही स्थान विवरण अवश्य दें।

# गुमठी और खेल कार्यालयों के विस्थापन के लिए बैठक



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मेट्रो स्टेशन निर्माण के चलते विधानसभा क्रमांक-3 के एमजी रोड थाना क्षेत्र स्थित गुमठी और खेल कार्यालयों को विस्थापित किया जाना है। इसे लेकर सोमवार को सिटी बस ऑफिस में बैठक आयोजित की गई। जिसमें महापौर पुष्य मित्र भार्गव ने भरोसा दिलाया कि गुमठी संचालक और खेल कार्यालयों को वैकल्पिक और उपयुक्त जगह दी जाएगी। भार्गव ने कहा कि मंदिरों के पुनर्निर्माण और खेल सुविधाओं की निरंतरता के लिए विशेष व्यवस्था भी की जाए। मेयर ने मेट्रो अधिकारियों से विस्तृत योजना जल्दी प्रस्तुत करने को कहा है। वहीं मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे किसी तरह की कार्रवाई से पहले मेयर और विधायक को पूरी जानकारी दें। बैठक में विधायक गोलू शुक्ला भी मौजूद रहे। भार्गव ने कहा कि विकास के काम जरूरी हैं, लेकिन इसके साथ पारंपरिक खेल गतिविधियां, सांस्कृतिक धरोहरों और पुराने मंदिरों का संरक्षण भी प्राथमिकता होना चाहिए।

## मशहूर गायक सुनील शर्मा का सम्मान किया

**इंदौर।** गायक किशोर कुमार के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रविंद्र नाट्य गृह में किशोर दा की आवाज को निभाने वाले इंदौर के मशहूर गायक सुनील शर्माजी का लाइव म्यूजिक प्रोग्राम ''एक हसीना थी'' संपन्न हुआ। इस भव्य एवं शानदार म्यूजिक कार्यक्रम में सुनील शर्मा ने दिगंबर जैन सोशल ग्रुप जीनियस परिवार को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया। इस शानदार म्यूजिक कार्यक्रम में जीनियस परिवार ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हुए सुनील शर्मा का ग्रुप द्वारा मोमेंटो देकर सम्मान किया। इस अवसर पर जैन समाज के वरिष्ठ इंद्रकुमार वीणा सेठी, ग्रुप के संस्थापक विजय इंदिरा बड़जात्या, संरक्षक दिलीप प्रमिला पाटनी, ग्रुप अध्यक्ष संजय बरखा बड़जात्या, सचिव जितेंद्र रानू पोरवाल एवं जीनियस कार्यक्रम के प्रभारी कोषाध्यक्ष हेमन्त किरण पाटनी तथा जीनियस परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।



# आईजी फैशन अकैडमी की छात्राओं ने जाना 'बाग प्रिंट' का महत्व

## छात्राओं को सीखने और अनुभव करने का मिला अवसर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आईजी फैशन अकैडमी की छात्राओं ने हाल ही में मध्यप्रदेश के बाग क्षेत्र में एक शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य भारत की समृद्ध पारंपरिक कला 'बाग प्रिंट' को करीब से जानना था। यह यात्रा छात्राओं के लिए केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सीखने और अनुभव करने का एक अनोखा अवसर साबित हुई।**



संस्था के डायरेक्टर मुजाहिद सर और शाहीन मैम ने जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों ने इस यात्रा का भरपूर आनंद लिया और बहुत कुछ सीखा। उन्होंने बताया, "यह देखकर हमें ख़ुशी हुई कि हमारी छात्राओं ने न सिर्फ़ कला सीखी, बल्कि स्थानीय कलाकारों से मिलकर उनकी जीवनशैली और इस कला के प्रति उनके समर्पण को भी समझा।"

बाग प्रिंट, जो अपनी प्राकृतिक रंगों और जटिल डिजाइन के लिए जाना जाता है, पूरी दुनिया में लोकप्रिय है। छात्राओं को यह देखकर हैरानी हुई कि कैसे प्राकृतिक चीजों जैसे इमली के बीज, अनार के छिलके और लौह चूर्ण का इस्तेमाल कर रंग बनाए जाते हैं। इन रंगों का इस्तेमाल कपड़ों पर हस्तनिर्मित ब्लॉकों के जरिए किया जाता है।

आईजी फैशन अकैडमी की छात्राओं ने हाल ही में मध्यप्रदेश के बाग क्षेत्र में एक शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य भारत की समृद्ध पारंपरिक कला 'बाग प्रिंट' को करीब से जानना था। यह यात्रा छात्राओं के लिए केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सीखने और अनुभव करने का एक अनोखा अवसर साबित हुई।

संस्था के डायरेक्टर मुजाहिद सर और शाहीन मैम ने जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों ने इस यात्रा का भरपूर आनंद लिया और बहुत कुछ सीखा। उन्होंने बताया, "यह देखकर हमें ख़ुशी हुई कि हमारी छात्राओं ने न सिर्फ़ कला सीखी, बल्कि स्थानीय कलाकारों से मिलकर उनकी जीवनशैली और इस कला के प्रति उनके समर्पण को भी समझा।"

बाग प्रिंट, जो अपनी प्राकृतिक रंगों और जटिल डिजाइन के लिए जाना जाता है, पूरी दुनिया में लोकप्रिय है। छात्राओं को यह देखकर हैरानी हुई कि कैसे प्राकृतिक चीजों जैसे इमली के बीज, अनार के छिलके और लौह चूर्ण का इस्तेमाल कर रंग बनाए जाते हैं। इन रंगों का इस्तेमाल कपड़ों पर हस्तनिर्मित ब्लॉकों के जरिए किया जाता है।

# हेलमेट पर जनता का गुस्सा शांत करेगी भाजपा, मुफ्त में बंटेंगे हजारों हेलमेट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। हेलमेट की अनिवार्यता से उपजे जनाक्रोश को शांत करने के लिए भाजपा ने ठोस योजना तैयार कर ली है। जल्द ही जिला प्रशासन उद्योगपतियों, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों के प्रमुखों की बैठक बुलाएगा। इस बैठक में जनता को हेलमेट लगाने के लिए अतिरिक्त समय देने का निर्णय लिया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न सरकारी विभागों और सामाजिक संगठनों की ओर से निशुल्क हेलमेट वितरण अभियान भी शुरू किया जाएगा। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि हेलमेट अनिवार्य करने का निर्णय सड़क दुर्घटनाओं में मौतों को रोकने के लिए बेहद जरूरी है, लेकिन ऐसे निर्णय लागू करने से पहले पर्याप्त तैयारी भी होनी चाहिए। हाल ही में भाजपा कार्यालय में सभी विधायकों के साथ इस विषय पर चर्चा हुई, जिसमें कई विधायकों ने अचानक इस नियम के लागू होने पर नाराजगी जताई।



सुमित मिश्रा ने बताया कि कलेक्टर आशीष सिंह से इस विषय पर बातचीत हो चुकी है। इसके बाद इंदौर के उद्योगपतियों, व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और बुद्धिजीवियों की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में सभी की राय लेकर हेलमेट लागू करने की नई तिथि तय की जाएगी। तय तिथि तक नागरिकों को हेलमेट खरीदने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा, जिससे नियम लागू होते ही सभी के पास हेलमेट उपलब्ध हो सके। भाजपा अध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि हर व्यक्ति की आर्थिक स्थिति हेलमेट खरीदने की अनुमति नहीं देती। इसे देखते हुए जिला प्रशासन, नगर निगम और इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा अलग-अलग स्थानों पर 500-500 हेलमेट मुफ्त वितरित किए जाएंगे। इसी तरह भाजपा और अन्य सामाजिक संगठन भी हेलमेट वितरण में शामिल होंगे। उद्देश्य यह रहेगा कि नियम लागू होने से पहले हर जिम्मेदार नागरिक के पास हेलमेट पहुंच जाए। मिश्रा ने कहा कि हेलमेट को लेकर विशेष मूवमेंट शुरू किया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि निर्धारित तिथि तक सभी तैयारियां पूरी हो जाएं। इसके बाद इंदौर की सड़कों पर दोपहिया वाहन चलाने वाला हर व्यक्ति हेलमेट पहने नजर आए। प्रशासन और भाजपा का लक्ष्य है कि इस अभियान के जरिए सड़क सुरक्षा को मजबूत किया जाए और दुर्घटनाओं में होने वाली जान-माल की हानि को कम किया जा सके।

## पतंग उड़ाते किशोर की हाईटेंशन लाइन से दर्दनाक मौत

इंदौर। मकान की दूसरी मंजिल पर पतंग उड़ा रहे 13 वर्षीय तोहिद पुत्र राज मियां की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी भेज दिया गया है। यह दर्दनाक हादसा आजाद नगर थाना क्षेत्र के मदीना नगर में रविवार शाम को हुआ। तोहिद के रिश्तेदार अरसान ने बताया कि रविवार शाम करीब 6 बजे वह मकान की दूसरी मंजिल पर पतंग उड़ा रहा था। इस दौरान उसकी पतंग पास से गुजर रही बिजली की तारों में फंस गई। पतंग निकालने के प्रयास में अचानक तेज धमाका हुआ और तोहिद छत पर बुरी तरह झुलसकर गिर पड़ा। घटना इतनी तेजी से हुई कि लोग कुछ समझ ही नहीं पाए। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि तोहिद गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा है। लोगों ने बिना देर किए परिजनों की मदद से उसे उठाया और तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, तोहिद 5वीं कक्षा का छात्र था और अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। पिता पेशे से ड्राइवर हैं। बेटे की असमय मौत से परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पूरे मोहल्ले में इस हादसे को लेकर शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है।

## इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद युवती से दुष्कर्म

इंदौर। द्वारकापुरी इलाके में एक युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने 22 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर बाणगंगा निवासी मोहित पाल के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया कि उसकी आरोपी से तीन साल पहले इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। धीरे-धीरे दोनों में मुलाकातें बढ़ीं और आरोपी ने शादी का भरोसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। 12 जुलाई 2025 को आरोपी उसे अरविंदो अस्पताल के पास एक होटल में ले गया, जहां उसने फिर से संबंध बनाए और मोबाइल से अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। आरोपी ने धमकी दी कि यदि पीड़िता शादी के लिए दबाव बनाएगी तो वीडियो वायरल कर देगा। इसके बाद उसने शादी से इनकार कर दिया और संपर्क तोड़ लिया। 9 अगस्त को आरोपी ने फिर से मिलने का दबाव डाला, मना करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। डर के कारण पीड़िता दो दिन नौकरी पर नहीं गई और परिवार को पूरी घटना बताई।

## युवाओं को आनंद के लिए धर्म, योग और पर्यटन से जोड़ेंगे

इंदौर। इंदौर के युवाओं ने एक अनोखी पहल की है। युवाओं की इस टीम ने नशे के विरुद्ध अभियान की शुरूआत की है। यह युवा स्कूल, कालेजों में जाकर छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव बताएंगे। युवा आनंद के लिए नई नई चीजें तलाश करते हैं और कभी कभी इसी के चलते वह नशे की गिरफ्त में आ जाते हैं। युवाओं की यह टीम नशा करने वालों को धर्म, योग, पर्यटन और उन क्षेत्रों से जोड़ेगी जहां पर उन्हें खूब आनंद भी मिले और नशे की आदत स्वाभाविक रूप से छूट जाए। संस्था सीता सर्वेश्वरी के उद्घाटन समारोह में सैकड़ों युवाओं ने यह संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री अच्युत गोपाल प्रभु ने युवाओं को धर्म का महत्व बताया और समझाया कि किस तरह से नशे के जाल में फंसकर पूरा जीवन समाप्त हो जाता है। कार्यक्रम में आए अतिथि अमन यादव और अनुराग प्रताप सिंह ने कहा कि नशा करवाने वालों को भी नहीं बख्शा जाएगा। पुलिस और प्रशासन के सहयोग से जहां पर भी नशा करवाने वाले मिलेंगे उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाएंगे। आज के समय में नशा ही सबसे बड़ा शत्रु है और हमें इसे नष्ट करने के लिए युवाओं को जोड़कर सतत प्रयास करना होंगे।

# बाइकों पर तिरंगा लेकर निकली पुलिस

### पुलिसकर्मी, नगर सुरक्षा समिति के सदस्य हुए शामिल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में स्वतंत्रता दिवस से पहले "हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता" अभियान के तहत सोमवार को भव्य तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। इस रैली में 500 से ज्यादा पुलिसकर्मी व नगर सुरक्षा समिति के सदस्य शामिल हुए।**

रैली की शुरुआत पुलिस कमिश्नर ऑफिस, पलासिया से हुई, जहां वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने सेल्फी पॉइंट का फीता काटकर और तिरंगा दिखाकर रैली को रवाना किया। बाइक रैली इंद्रप्रस्थ चौराहा, रीगल चौराहा होते हुए राजबाड़ा पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। पुलिसकर्मियों ने अपनी बाइक पर तिरंगा लेकर देशप्रेम के नारे लगाए और नागरिकों को संदेश दिया कि हर घर पर राष्ट्रध्वज पूरे सम्मान के साथ फहराएं और स्वच्छता का संकल्प लेकर राष्ट्रीय पर्व को मनाएं। रैली में डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी और कई थाना प्रभारी शामिल हुए। अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान न सिर्फ देशभक्ति की भावना को मजबूत करता है, बल्कि नागरिकों को स्वच्छता के लिए भी प्रेरित करता है। यह अभियान 11 से 15 तक अगस्त चलेगा।

# व्यापारी एसोसिएशन ने एसीपी से की शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** सर्राफा बाजार में रात में संचालित हो रहे ऑटो रिक्शा के कारण व्यापारी परेशान हैं। उनका आरोप है कि कई बार रिक्शा चालक दुकानों के बाहर बने ओटले, दुकानों के बंद शटर को ऑटो आगे-पीछे करने में नुकसान पहुंचाते हैं। इसे लेकर व्यापारी एसोसिएशन ने एसीपी हेमंत चौहान से लिखित शिकायत की है। वहीं एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डीसीपी ट्रैफिक से भी मुलाकात कर चर्चा की है। व्यापारियों का कहना है कि रात में सर्राफा बाजार में लगने वाली चौपाटी के कारण कई लोग यहां आते हैं। वहीं यशोदा माता मंदिर वाली गली में ऑटो चालक खड़े हो जाते हैं, जो दुकान के बाहर बने ओटलों और दुकानों के शटर को नुकसान पहुंचाते हैं। एसोसिएशन के पदाधिकारियों का यह भी कहना है कि रात में यहां के यात्रियों से मनमाना किराया लिया जाता है। व्यापारियों का आरोप है कि यशोदा माता मंदिर और पीपली बाजार की दुकानें बंद हों या न हों रात 8 बजे से अवैध पार्किंग शुरू होने लगती है। इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन अध्यक्ष अक्षय जैन ने बताया कि इस मामले में सर्राफा एसीपी हेमंत चौहान को लिखित शिकायत की है। वहीं इस मामले में सोमवार को ट्रैफिक डीसीपी से भी व्यापारियों की बातचीत हुई है।

## स्वतंत्रता दिवस तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर, अधिकारियों को दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर में कलेक्टर आशीष सिंह ध्वजारोहण करेंगे और बधाई संदेश का वाचन करेंगे। शहर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम की तैयारियां जारी है। इन्हीं तैयारियों का जायजा लेने के लिए कलेक्टर आशीष सिंह सोमवार कार्यक्रम स्थल आरएपीटीसी ग्राउंड पहुंचे। उन्होंने चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा, एडिशनल पुलिस कमिश्नप अमित सिंह, अपर कलेक्टर रोशन राय, नगर निगम के अपर कमिश्नर अभय राजनगांवकर मनोज पाठक सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर आशीष सिंह ने ध्वजारोहण, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम और मुख्यमंत्री के उद्बोधन के सीधे प्रसारण की व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी व्यवस्थाएं कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप समय सीमा में सुनिश्चित करें।

# थूकने के विवाद पर ढाबा संचालक की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। थूकने को लेकर हुए विवाद में ढाबा संचालक की हत्या कर दी गई। उसका छोटा भाई और दोस्त घायल हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वारदात रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब साढ़े 12 बजे की है। तीनों आरोपी मौके पर बाइक छोड़कर फरार हो गए थे। बाद में गाड़ी के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर पुलिस ने सोमवार तड़के उन्हें पकड़ा। विजयनगर पुलिस के मुताबिक, नंदानगर निवासी लेखराज (30) और शुभम (22) मेघदूत गार्डन के पास राजा राम मिनी ढाबा चलाते हैं। शुभम छोटा जबकि लेखराज बड़ा भाई है। रविवार देर रात ढाबा बंद करने के बाद दोनों भाई अपने पार्टनर बंटी (30) के साथ घर के लिए निकले थे। घायल बंटी ने बताया- घर लौटने के दौरान नेहरू नगर निवासी जगदीश सिसोदिया, अंजनी नगर के पवन रजक और राज अहिरवार मिले। वे शराब पीकर बाइक से कहीं जा रहे थे। उन्होंने लेखराज के पैर के पास थूका। इस पर हमने उन्हें टोका। बहस बढ़ी तो दोनों पक्षों में हाथापाई शुरू हो गई। जगदीश, पवन और राज ने चाकू निकालकर हमला कर दिया। लेखराज को सीने में गंभीर घाव लगा। नजदीकी अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुभम और बंटी को हाथ-पैर में चाकू लगने से चोटें आई हैं। बंटी ने बताया कि आरोपी स्कीम नंबर 54 की वाइन शॉप से निकले थे। लेखराज के पिता रमेश जाटव ने कहा- दोनों बेटे और उनका दोस्त बंटी मिलकर ढाबा चलाते थे। लेखराज ने तीन साल पहले लव मैरिज की थी। उसकी एक बेटी की बीमारी के चलते कुछ समय पहले ही मौत हुई है।

## महाकाल की पांचवीं सवारी निकली

**उज्जैन।** श्रावण माह समाप्त होने के बाद श्री महाकालेश्वर भगवान की भादौ माह की सवारी सोमवार को निकली। महाकाल मंदिर में भगवान चंद्रमौलेश्वर का पूजन के बाद महाकाल मंदिर से पांचवीं सवारी प्रारंभ हुई, जो निर्धारित मार्ग से आगे बढ़ी। हालांकि श्रावण माह में निकाली गईं सवारियों की तुलना में भक्तों की भीड़ कम रही। सवारी में भगवान महाकाल पांच स्वरूप में भक्तों को दर्शन दे रहे थे। श्री महाकालेश्वर भगवान की पंचम सवारी में चार जनजातीय एवं लोक नृत्य कलाकारों के दल प्रस्तुति दी। पालकी में श्री चंद्रमौलेश्वर, गजराज पर श्री मनमहेश, गरुड़ रथ पर श्री शिवतांडव, नंदी रथ पर श्री उमा-महेश और डोल रथ पर श्री होल्कर स्टेट के मुखारविंद शामिल हुए। श्री महाकालेश्वर भगवान की सवारी निकलने के साथ ही सशस्त्र बल की टुकड़ी ने भगवान को सलामी दी। उसके बाद भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर पालकी में विराजित होकर नगर भ्रमण पर निकले। अंतिम और राजसी सवारी 18 अगस्त को निकलेगी।

## बेटे ने पिता को बेल्ट डंडों से मारा, मौत

**भिंड।** शहर के अटेर रोड बड़े हनुमान मंदिर के पास शराबी बेटे ने बीती रात बुजुर्ग अपने ही पिता की बेल्ट और डंडों से बेरहमी से मारपीट की थी। बुजुर्ग को आस पड़ोसी व रिश्तेदारों ने गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोमवार उपचार के दौरान बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद बेटा फरार है। पुलिस बुजुर्ग का पीएम कराया और अंतिम संस्कार के लिए परिवार जनों को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया अटेर रोड पर रहने वाले राहुल जैन ने नशे की हालत में अपने 76 वर्षीय बुजुर्ग हीरामन जैन निवासी बड़े हनुमान मंदिर के घर पहुंचा। रात में किसी बात को लेकर राहुल का अपने बुजुर्ग पिता हीरामन जैन पुत्र रामशरण जैन से किसी बात को लेकर विवाद करने लगा। इसके बाद राहुल ने अपने बुजुर्ग पिता को कमरे में बंद कर बेल्ट और डंडों से जमकर पीटा शुरू कर दिया।

## बाइक को टक्कर मारकर पलटी स्कॉर्पियो, 5 की मौत

**अनूपपुर।** एक स्कॉर्पियो ने बाइक को टक्कर मार दी। इसके बाद पलटी खाते हुए निर्माणाधीन मकान में घुस गई। गाड़ी इतनी रफ्तार से पलटते हुए गई की आगे का कांच टूट गया, जिससे निकलकर दो युवक बाहर गिर गए। हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दो ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। दो शवों का पोस्टमार्टम कोतमा और तीन का बीजरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। 5 गंभीर घायल हैं, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में भर्ती कराया गया है। एक्सीडेंट सोमवार सुबह करीब 10 बजे रामनगर थाना क्षेत्र के रेऊंदा गांव में हुआ। स्कॉर्पियो सवार अनूपपुर के कोतमा से बेलिया जा रहे थे। मृतकों में से चार स्कॉर्पियो जबकि एक बाइक सवार शामिल है।

# विकास और पर्यावरण संरक्षण की योजनाओं में सामंजस्य आवश्यक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

◆ संरचनात्मक प्रगति के साथ पर्यावरण का संरक्षण भी सुनिश्चित हो : मंत्री राकेश सिंह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए योजनाबद्ध तरीके से सामंजस्य स्थापित हो, जिससे विकास के साथ प्रकृति भी संरक्षित रहें। भारत की प्राचीन निर्माण परंपराएं आज भी इंजीनियरिंग के क्षेत्र में मार्गदर्शन करती हैं। उन्होंने भोपाल के बड़े तालाब का उदाहरण देते हुए बताया कि यह बिना किसी नदी की मुख्यधारा को रोके, प्राकृतिक चट्टानों के बीच पानी संग्रहित करने की तकनीक से बना था। यह तालाब केवल सजावट की वस्तु नहीं, बल्कि पीने के पानी का स्रोत भी है।

इसकी संरचना इस तरह है कि अतिरिक्त पानी स्वतः बाहर निकल जाता है और संरचना की लागत भी कम रहती है। आज सड़क निर्माण में वन्यजीव संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पुलों के नीचे अंडरपास बनाए जा रहे हैं, जिससे बाघ और अन्य जानवर सुरक्षित रूप से गुजर सकें और यातायात भी प्रभावित न हो। यह केवल तकनीक नहीं, बल्कि प्रकृति और विकास के बीच संतुलन की मिसाल है। वर्तमान समय में निर्माण सामग्री की मात्रा, डिज़ाइन



की गुणवत्ता और लागत-प्रभावशीलता पर पर्याप्त ध्यान देने की आवश्यकता है। निर्माण में मात्रा से ज्यादा महत्व गुणवत्ता का है। अभियंता वह है जो विज्ञान, गणित और तकनीक, इन तीनों में समान दक्षता रखते हुए उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोक निर्माण विभाग के ध्येय "लोक निर्माण से लोक कल्याण" को साकार करने की दिशा में 'पर्यावरण से समन्वय' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी-सह प्रशिक्षण कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर ये विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रवीन्द्र भवन में दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के आरंभ में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम और राष्ट्रगान जन गण मन का सामूहिक गान हुआ। इस अवसर पर लोक निर्माण ने पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता पर केन्द्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमें ऐसे निर्माण करने चाहिए, जिन पर हमें स्वयं गर्व हो और जो आने वाली पीढ़ियों के लिए उपयोगी हों। विभागीय दायरे और नियमों के भीतर रहते हुए भी अभियंताओं को रचनात्मक सोच से समाधान खोजने होंगे, जिससे परियोजनाएं गुणवत्ता, लागत और पर्यावरण- तीनों मानकों पर श्रेष्ठ साबित हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह को 'पर्यावरण से समन्वय' पर कार्यशाला आयोजन की पहल के लिए बधाई दी और विश्वास जताया कि इस तरह की कार्यशालाएं न केवल तकनीकी ज्ञान बढ़ाने में सहायक होंगी, बल्कि विभाग की कार्यप्रणाली में भी सकारात्मक बदलाव लाएंगी। उन्होंने कहा कि यह संकल्प सिर्फ तकनीकी प्रशिक्षण का नहीं, बल्कि हमारे मन की स्वच्छता, धैर्य और निष्ठा का प्रतीक है, जो सुनिश्चित करेगा कि हम विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी भी पूरी निष्ठा से

## कांग्रेस ने मुस्लिमों को साइकिल का पंचर जोड़ने से आगे नहीं बढ़ने दिया : उषा ठाकुर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार, एजेंसी। मध्यप्रदेश शासन की पूर्व मंत्री व महू विधायक उषा ठाकुर ने पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के हालिया बयान का समर्थन करते हुए कहा कि धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री सनातन धर्म के सच्चे साधक हैं। अपने सनातनी बेटियों को जागरूक करना उनका धर्म है। वे समाज को संदेश देते हैं कि बेटियां दुर्गा और काली के रूप में जागृत हों। धर्मांतरण जैसी गतिविधियों से बचें और समाज में अपनी भूमिका मजबूत करें।**



उषा ठाकुर ने कहा कि धर्मांतरण रोकना हर जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है। शास्त्री इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभा रहे हैं। वहीं, कांग्रेस पार्षद रुबीना इकबाल के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए ठाकुर ने कहा कि मुस्लिम समाज की मातृशक्ति को अपने घर के पुरुषों चाहें वह बेटे हों या पति पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए। अगर यह निगरानी मजबूत होगी, तो समाज में लव जिहाद जैसे मामले पनप नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन तलाक खत्म कर मुस्लिम महिलाओं को सम्मान से जीने का अधिकार दिया है, अब उनकी जिम्मेदारी है कि वे अपने परिवार के पुरुषों को गलत रास्ते पर न जाने दें और यदि कोई लव जिहाद जैसे अपराध में शामिल हो, तो मुस्लिम समाज की महिलाएं स्वयं उसे दंडित करें। पूर्व मंत्री ने आरोप लगाया कि लंबे समय तक कुछ दलों ने मुस्लिम समाज को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा 65 साल तक आपको पंचर साइकिल जोड़ने से आगे नहीं बढ़ने दिया। वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने जितनी भी लोक कल्याणकारी योजनाएं बनाई, वे बिना भेदभाव के हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी के लिए लागू कीं।

14 करोड़ की डकैती

## बैंक खुलते ही हेलमेट पहनकर घुसे, 20 मिनट में 14 किलो सोना लेकर भागे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** जबलपुर के खितौला थानान्तर्गत सोमवार सुबह एक निजी बैंक के खुलते ही हेलमेट पहनकर पहुंचे तीन युवकों ने धावा बोलकर पिस्टल की नोंक पर 14 किलो सोना तथा पांच लाख रुपये नगद लूट करने के बाद फरार हो गए। तीनों आरोपियों ने 20 मिनट में लूट की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद बाहर निकलने के बाद मोटरसाइकिल लेकर खड़े दो साथियों के साथ बैठकर फरार हो गए। आरोपियों द्वारा वारदात को अंजाम देने का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच में जुटी हुई है।

पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के अनुसार खितौला थानान्तर्गत स्थित इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक की शाखा में तीन युवक सुबह 8.50 बजे हेलमेट पहनकर पहुंचे। बैंक पूरी तरह से खुली भी नहीं थी। फाइनेंस बैंक में सिर्फ चार कर्मचारी ही उपस्थित थे। युवकों ने पिस्टल की नोक पर कर्मचारियों के कब्जे में लिया और स्ट्रांग रूम में रखा लगभग 14 किलो 800 ग्राम सोना तथा 5 लाख रुपये लेकर फरार हो गए। आरोपियों के इंतजार में उनके दो साथी पहले से मोटरसाइकिल लेकर खड़े हुए थे। आरोपी युवकों ने 20 मिनट में डकैती की वारदात को अंजाम दिया और 9.10 बजे साथियों के साथ मोटरसाइकिल में बैठकर हाईवे से जबलपुर की तरफ फरार हो गए।सीएसपी आदित्य सिंघानिया ने बताया कि बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में वारदात की पूरी रिकॉर्डिंग को जब्त कर लिया गया है। इसके अलावा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी एकत्र किए गए हैं और उनकी जांच भी जारी है। आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और उसके आधार पर पुलिस पतासाजी में जुटी हुई है।

## सेना के पराक्रम के सम्मान में चलाया जा रहा है हर घर तिरंगा अभियान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेना के पराक्रम को नमन करने के लिये "हर घर तिरंगा" अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत् वीर सपूतों, बलिदानियों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की धरती ग्वालियर में आयोजित हुई देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल होकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। गर्व की बात है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने इस बार पाकिस्तान में आतंकवादियों को मारने के साथ उनके विमान और अस्त्र-शस्त्र नष्ट करने का साहसिक काम






किया है। ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर में सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अगुआई में राजमाता विजयाराजे सिंधिया चौराहा से विशाल तिरंगा यात्रा निकली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव खुले वाहन पर सवार होकर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, उद्यानिकी एवं सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर और जयप्रकाश राजौरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक सहभागी बने। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तिरंगा यात्रा के शुभारंभ अवसर पर कहा कि पूरे देश में घर-घर तिरंगा अभियान चल रहा है। मध्यप्रदेश के सभी हिस्सों में रैलियों के माध्यम से देश की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में जो कर दिखाया है, उसके प्रति सम्मान प्रकट करते हुए स्वतंत्रता का उत्सव मनाया जा रहा है। मेरी ओर से वालियरवासियों को इस अभियान को भव्यता के साथ मनाने के लिये बधाई। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया के सामने हमारी सेना ने जो दमखम दिखाया है, वह वाकई में अद्भुत है।

## संपादकीय

# टैरिफ के असर को लेकर सरकार लगातार कर रही आकलन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की घोषणा के बीच सरकार के दो मंत्रालयों के शीर्ष अफसरों ने संसदीय समिति को ब्रीफ किया। सोमवार को विदेश सचिव और कॉमर्स सचिव सुनील बर्थवाल ने विदेश मामलों की स्टैंडिंग कमेटी को अमेरिका के साथ टैरिफ और विदेश नीति से जुड़े मामलों पर कई अहम जानकारियां दी। तीन घंटे तक चली इस बैठक में इन दोनों अफसरों से राष्ट्रीय हित और विदेश नीति से जुड़े करीब 50 सवाल पूछे गए। समिति के चेयरमैन शशि थरूर ने मीटिंग के बाद जानकारी देते हुए कहा कि मौजूदा हालात में कूटनीति से जुड़े सभी अहम आयामों पर जानकारी मिली। बैठक में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने पैनल को बताया कि अमेरिका से रिश्ता काफी अहम है और व्यापार सिर्फ इसका एक हिस्सा है। इस सवाल के जवाब में कि क्या ट्रेड डील को लेकर भारत और अमेरिका के बीच हो रही वार्ताओं की अगली कड़ी में 25 अगस्त को प्रस्तावित बैठक के लिए अमेरिकी वार्ताकार भारत आ रहे हैं, इस सवाल के जवाब में थरूर ने कहा कि अब तक की जानकारी के मुताबिक इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। सूत्रों के मुताबिक सरकार की ओर से कहा गया कि पूरी दुनिया पर टैरिफ लगाया जा रहा है, केवल भारत पर अकेले नहीं दूसरे देशों पर भी लगाया गया। टैरिफ लगाए जाने के पीछे एक वजह ये भी है कि अमेरिका कुछ सेक्टरों में अपनी मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाना चाहता है। सरकार को उम्मीद है कि अमेरिका के साथ वार्ताएं जारी रहेंगी। सरकार का कहना है कि टैरिफ के असर को लेकर सरकार लगातार आकलन कर रही है और सभी स्टेकहोल्डर्स से बात हो रही है। टैरिफ के असर को कम करने के लिए सरकार दूसरे कई विकल्पों पर भी काम कर रही है। ईयू जैसे दूसरे देशों के साथ एफटीए को लेकर लगातार काम चल रहा है। साथ ही सरकार दूसरे नए देशों के साथ भी ट्रेड अग्रीमेंट की योजना बन रही है। इसके अलावा सरकार ने कहा कि व्यापार को छोड़ दें तो अमेरिका के साथ भारत के अच्छे रिश्ते हैं, इस दौरान अमेरिका की ओर से तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण और टीआरएफ को आतंकी संगठन घोषित किए जाने का जिक्र भी किया गया। इसके अलावा इस मीटिंग में पाकिस्तानी फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के हालिया विवादित बयान को लेकर भी जानकारी दी गई। इस बयान से जुड़े सवाल के जवाब में विदेश सचिव ने बताया कि इसे लेकर भारत बयान जारी कर चुका है कि इस तरह का न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।




## OSHO कहिन



**"स्वयं को खोजो, क्योंकि यही तुम्हारा असली खजाना है।"**

## Health is Wealth

# हेल्दी रहने के लिए हर किसी को अपनानी चाहिए ये 6 आदतें, बढ़ती उम्र में बीमारियों से रहेंगे कोसों दूर

हर किसी की यही ख्वाहिश होती है कि वह बीमारियों से दूर रहे और हमेशा सेहतमंद रहें। हालांकि, आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में हर कोई व्यस्त है और कुछ लोग तो खुद के लिए समय निकालने में असमर्थ हैं। लेकिन अगर आप चाहें तो कुछ आदतों को अपनाकर सेहतमंद रह सकते हैं। यहां हम कुछ आदतों के बारे में बता रहे हैं जिन्हें आप आसानी से फॉलो कर सकते हैं और ये हेल्दी रहने में मदद भी आपकी मदद करेंगी।




### ◆ 1) दवाई के साथ ठंडा पानी पीने से बचें

अगर आप किसी चीज की दवाई लेते हैं तो इसे ठंडा पानी के साथ खाने से बचें। ठंडा पानी कुछ दवाओं के घुलने की प्रक्रिया को धीमा कर सकता है, जिससे उनके अवशोषण पर असर पड़ सकता है।

### ◆ 2) शाम 5 बजे के बाद भारी खाना न खाएं

शाम को हल्का खाना पाचन में मदद करता है। इसी के साथ ये नींद में रुकावट को रोकता है। अगर आपका सोने का समय जल्दी का है तो शाम के समय हैवी खाना खाने से बचना सबसे अच्छा है।

### ◆ 3) सुबह ज्यादा पानी पिएं

सुबह के समय हाइड्रेटेड रहने से शरीर का सिस्टम एक्टिव हो जाता है। वहीं शाम को, कम पानी पीने से रात में बाथरूम जाने की परेशानी कम हो सकती है।

### ◆ 4) रात 10 बजे से सुबह 4 बजे के बीच सोएं

यह नींद का समय शरीर की प्राकृतिक सर्केडियन लय के अनुरूप होता है, जिससे आराम और हीलिंग की प्रक्रिया में सुधार हो सकता है।

### ◆ 5) खाने के तुरंत बाद लेटने से बचें

कम से कम 30 मिनट तक इंतजार करने से पाचन में मदद मिलती है और एसिड रिफ्लक्स का खतरा कम होता है।

### ◆ 6) कम बैटरी वाले फोन का यूज करने से बचें

कम बैटरी से रेडिएशन बढ़ सकती है, क्योंकि डिवाइस को कनेक्ट रहने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। ■

New Delhi

# आय आधारित हो SC/ST आरक्षण व्यवस्था मीलॉर्ड! PIL पर सुनवाई को SC तैयार; छिड़ सकती है नई बहस

**नई दिल्ली,(एजेंसी)** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस जनहित याचिका (PIL) पर विचार करने पर अपनी सहमति दे दी है, जिसमें सरकारी नौकरियों में आरक्षण की अधिक न्यायसंगत व्यवस्था के लिए नीतियां बनाने का केंद्र को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने रमाशंकर प्रजापति और यमुना प्रसाद की जनहित याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया है और 10 अक्टूबर तक जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस मसले पर सुनवाई करने के लिए सहमति देने के बाद देश में आरक्षण पर नई बहस छिड़ सकती है। पीठ ने भी याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि वह भारी विरोध



का सामना करने के लिए तैयार रहें, क्योंकि इस जनहित याचिका के दूरगामी प्रभाव हो सकते हैं। याचिकाकर्ताओं ने अधिवक्ता संदीप सिंह के माध्यम से जनहित याचिका दायर की है, जिसमें कहा गया है कि यह दृष्टिकोण संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 को मजबूत करेगा और मौजूदा आरक्षण सीमा में बिना किसी छेड़छाड़ के समान अवसर सुनिश्चित करेगा। याचिका में कहा गया है कि दशकों से आरक्षण के बावजूद, आर्थिक रूप से सबसे वंचित लोग अकसर पीछे छूट जाते हैं और आरक्षित श्रेणियों के अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति वाले लोग इसका लाभ उठाते हैं लेकिन आय के आधार पर प्राथमिकता देने से यह सुनिश्चित होगा कि मदद वहीं से शुरू हो जहां आज इसकी सबसे अधिक जरूरत है।

New Delhi

## दिल्ली के नरेला में स्वीमिंग सीखने गईं 2 बच्चियों से गैंगरेप, दो लोगों ने बंधक बनाकर की हैवानियत



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली के नरेला स्थित स्वीमिंग पूल में तैराकी सीखने गई दो नाबालिग बच्चियों को बंधक बनाकर गैंगरेप करने की शर्मनाक वारदात सामने आई है। पुलिस ने शनिवार को इस शर्मनाक घटना की जानकारी मिलने पर केस दर्ज कर गैंगरेप के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़ित बच्ची की मां ने बताया कि उसकी नौ वर्षीय बेटी नरेला के एक स्वीमिंग पूल में तैराकी की प्रैक्टिस करने के लिए जाती रहती है। 5 अगस्त को भी तैराकी सीखने गई थी। पीड़िता ने बताया कि वहां पर अनिल पहले से मौजूद था। अनिल उसे अपने साथ एक कमरे में ले गया, जहां पर 12 वर्षीय एक और बच्ची पहले से बंद थी। वह बच्ची भी तैराकी सीखने के लिए जाती थी। अनिल ने दोनों बच्चियों के साथ गैंगरेप किया। इस बीच उसका साथी मुनील भी वहां पर आ गया। उसने भी दोनों बच्चियों के साथ गैंगरेप किया।

आरोपियों ने किसी को भी इस घटना के बारे में बताने पर दोनों बच्चियों को जान से मारने की धमकी भी दी थी। आरोपियों द्वारा दी गई धमकी से दोनों पीड़ित बच्चियां बुरी तरह डर गईं, जिसके चलते उन्होंने अपने परिजनों को भी घटना के बारे में कुछ नहीं बताया। महिला जब अपनी बेटी को स्वीमिंग की प्रैक्टिस करने के लिए कहती तो वह मना कर देती थी। दबाव देने पर बच्ची ने अपनी मां को पूरे घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी।

Uttarakhand

## लद्दाख में कार पर पत्थर गिरा, 6 की मौत

### सेना ने हेलिकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर लेह भेजा था, मनाली-लेह हाईवे पर हादसा

**लद्दाख,(एजेंसी)** लद्दाख के सरचू इलाके में मनाली-लेह हाईवे पर सोमवार को सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। एक्सीडेंट के बाद सेना ने मौके पर पहुंचकर घायलों को प्राथमिक उपचार दिया था। फिर इन्हें एयरलिफ्ट करके लेह ले जाया गया था। इलाज के दौरान सभी घायलों की मौत हो गई है। दरअसल, लेह-लद्दाख रोड पर अचानक पहाड़ी से एक बड़ा पत्थर लुढ़ककर कार से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का संतुलन बिगड़ गया और वह दूसरी तरफ पहाड़ी से जा टकराई।



Maharashtra

## पुणे में श्रद्धालुओं को मंदिर लेकर जा रही पिक-अप खाई में गिरी, 7 की मौत और कई घायल

**पुणे,(एजेंसी)** महाराष्ट्र के पुणे में मंगलवार को सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हैं। एक पिक-अप वैन में महिलाएं और बच्चे सवार थे, जो पापलवाडी गांव के कुंडेश्वर मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान गाड़ी अचानक 25-30 फीट गहरी खाई में गिर गई। यह हादसा महालुंगे एमआईडीसी पुलिस स्टेशन क्षेत्र में हुआ। पिंपरी-चिंचवड पुलिस के डीसीपी शिवाजी पवार ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले में नवाबगंज-रूपईडीहा मार्ग पर बड़ा हादसा हो गया। सोमवार सुबह मोटरसाइकिल से टक्कर होने के बाद अनियंत्रित हुए ट्रैक्टर की चपेट में आने से 2 बच्चियों समेत एक परिवार के 5 सदस्यों की मौत हो गई। एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।



पुलिस ने यह जानकारी दी।

हरदत्त गिरन्ट थाना प्रभारी निरीक्षक महिमा नाथ उपाध्याय ने बताया कि घटना सोमवार सुबह 8.30 बजे हुई। उन्होंने बताया कि बहराइच जिले के रिसिया थानाक्षेत्र के मंगलपुरवा गांव निवासी विजय वर्मा अपनी पत्नी व एक वर्षीय बेटी के साथ अपनी बहन व उसके दो बच्चों को बाइक से रूपईडीहा छोडने के लिए निकला था।

खेल

# वेस्टइंडीज ने दूसरे वनडे में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया, 12 अगस्त को खेला जाएगा निर्णायक मैच

**त्रिनिदाद।** वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे वनडे में डकवर्थ लुईस नियम से पांच विकेट से जीत हासिल की है। इस जीत के साथ विंडीज ने तीन मैचों की वनडे सीरीज को 1-1 से बराबर कर दिया है। अब इस सीरीज का निर्णायक मुकाबला 12 अगस्त को त्रिनिदाद में खेला जाएगा। रविवार को त्रिनिदाद के ही ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 37 ओवर में सात विकेट पर 171 रन बनाए। वेस्टइंडीज को डीएलएस नियम के तहत 35 ओवर में 181 रन का लक्ष्य मिला। जवाब में वेस्टइंडीज ने 33.2 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 184 रन बनाए और मैच पांच विकेट से जीत लिया।

### पाकिस्तान की पारी

दरअसल, यह मुकाबला बारिश से बाधित रहा। पाकिस्तान की पारी के दौरान कई बार बारिश हुई और खेल रोकना पड़ा। 37



ओवर खत्म होते ही बारिश शुरू हो गई और अंपायर को डकवर्थ लुईस नियम के तहत लक्ष्य देना पड़ा। 37 ओवर तक पाकिस्तान ने सात विकेट पर 171 रन बनाए थे। तब हसन नवाज 30 गेंद में 36 रन और शाहीन अफरीदी सात गेंद में 11 रन बनाकर नाबाद थे। पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही थी और टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। सैम अयूब 23 रन, अब्दुल्लाह शफीक 26 रन, और कप्तान मोहम्मद रिजवान 16 रन बनाकर आउट हुए। बाबर आजम खाता नहीं खोल सके। हुसैन तलत ने 31 रन की पारी खेली। सलमान आगा ने नौ रन और मोहम्मद नवाज ने पांच रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से जेडन सील्स ने तीन विकेट लिए। वहीं, जेडियाह ब्लेड्स, शमार जोसेफ, गुडाकेश मोती और रोस्टन चेज को एक-एक विकेट मिला।

### वेस्टइंडीज की पारी

डकवर्थ लुईस नियम के तहत मिले 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की शुरुआत भी खराब रही। 48 रन तक टीम ने ब्रैंडन किंग (1), एविन लुईस (7) और केसी कार्टी (16) के विकेट गंवा दिए थे। कप्तान शाई होप ने शेरफेन रदरफोर्ड के साथ चौथे विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी निभाई। कप्तान होप 35 गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 32 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, रदरफोर्ड 33 गेंद में चार चौके और तीन छक्कों की मदद से 45 रन बनाए। रोस्टन चेज और जस्टिन ग्रीव्स ने फिर 77 रन की नाबाद साझेदारी की और वेस्टइंडीज की टीम को जीत दिलाई। चेज 47 गेंद में चार चौके और दो छक्कों की मदद से 49 रन बनाकर और ग्रीव्स 26 रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की ओर से हसन अली और मोहम्मद नवाज को दो-दो विकेट मिले। वहीं, अबरार अहमद को एक विकेट मिला।

सिनेमा

## साउथ की मजेदार थ्रिलर फिल्म, 8.7 है इसकी IMDb रेटिंग, दिमाग हिलाकर रख देगी



छोटे से कस्बे में एक पुलिस चौकी और उसके पास का सरकारी स्कूल—दोनों जगह जिंदगी हमेशा की तरह शांत बह रही थी। लेकिन एक मामूली-सी घटना ने इस सन्नाटे को तोड़ दिया और रोजमर्रा की जिंदगी में हलचल मचा दी। इस फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.7 है। न यहां कोई बड़े पैमाने का मर्डर है, न कोर्टरूम की बहस, बस साधारण से दिखने वाले फैसलों का असर दिखाया जाता है जो इतना गहरा होता है कि कहानी धीरे-धीरे दिल में उतर जाती है। फिल्म का नाम है सूक्ष्मवाक्यम है। इसका सबसे बड़ा प्लस प्वाइंट है इसका यूनिक प्लॉट—पुलिस स्टेशन का बच्चों के ट्यूशन सेंटर में बदलना और यहीं से जन्म लेता सस्पेंस। धीरे-धीरे चढ़ता तनाव, छोटे-छोटे फैसलों का बड़ा असर और दोनों लीड किरदारों के बीच खामोशी में छिपा टकराव, आपको पूरी फिल्म के दौरान जोड़े रखेगा। शाइन टॉम चाको का शांत लेकिन गहराई लिए अभिनय और विंसी अलोशियस की मजबूत स्क्रीन प्रेजेंस कहानी में जान डाल देते हैं। ऊपर से रेजिन एस बाबू की ऐसी स्क्रिप्ट जो साधारण बातचीत के जरिए किरदारों की भावनाएं उजागर करती है। असली कस्बाई लोकेशंस, घर-परिवार और काम के बीच खींचतान, और इमोशन व थ्रिल का सही बैलेंसये सब मिलकर इसे एक ऐसे अनुभव में बदल देते हैं, जो आपके दिल में देर तक रहेगा।

## Highlights

1. **‘Cat Kumar’, child of ‘Catty Boss’, applies for residential certificate in Bihar; probe ordered**
2. **UP CM helped vote loot, booth loot: Akhilesh amid voter ID row**
3. **Don’t mock India over Trump’s tariffs, India saved us: MP Harsha in Sri Lankan Parliament**
4. **Pak’s Asim Munir is right, Indus waters are India’s property: Ex-diplomat Dogra**

# BSNL joins hands with global tech firms for 5G, AI, and digital skilling

**NEW DEIHI, (Agency).** State-owned Bharat Sanchar Nigam Limited (BSNL) has entered into memoranda of understanding with Ericsson, Qualcomm, Cisco, and Nokia to roll out advanced digital skilling programmes at the Bharat Ratna Bhim Rao Ambedkar Institute of Telecom Training (BRBRAITT) in Jabalpur, Madhya Pradesh.

The initiative, announced in the presence of union communications minister Jyotiraditya Scindia, seeks to train over 2,000 students annually in emerging technologies, including 5G, artificial intelligence (AI), machine learning (ML), networking, and cybersecurity.

“Today the spotlight is on India. Not because we have the largest market in the world, but because we represent a significant opportunity. As close to 50% of the world’s human resource talent resides in India. Today is the beginning of a new dawn,” said Scindia.




The four companies are also expected to offer employment opportunities to students after they have completed their training at the institute. Apart from these four, Scindia hinted that many more companies such as Tata Consultancy Services (TCS) and Tejas Networks would alo enter into similar partnerships with the government.

“PM Modi ji has always had a vision of growing India into a vishwaguru (global teacher). From local to global, India will not just make in India, but make for the world,” added Scindia.

# Mahindra CEO disagreed with billionaire boss Anand Mahindra a month into job: ‘Take the no as a gift’

**NEW DEIHI, (Agency).** Mahindra Group CEO and MD Anish Shah recently shared an anecdote about the company’s culture of healthy dissent, revealing that just a month after taking charge, he said “no” to his billionaire boss, Anand Mahindra.

In an interview with news agency PTI, Shah said that eleven years ago, when he was a month into his tenure at the Mahindra Group, he said no to a proposal that Mahindra was planning to take to the board.

“I saw that, and said I wouldn’t do this. And here’s why, all the reasons why I wouldn’t. Anand in his usual



style, turns around and said, ‘Okay, I’m going to invite you to the board meeting tomorrow and ask you exactly the same question I asked you today, and I want you to give the board the same answer that you gave me today’,” he remembered.

The next day, after Anand Mahindra presented the idea at the board meeting, he told them about Shah’s different points of view. Shah then shared it with the board, and they decided not to do it.

With this as a base for the company culture, Shah said that now he does not see a ‘no’ from a junior colleague as dissent but as a valuable gift. He credited Anand Mahindra for creating an open environment within the company. Referring to the incident, he said, “That gives you a sense of the openness that Anand has always had in bringing in diverse views. As he always says, we need to get to the right answer for the company. And we would need to look at all the diversities before we get to the answer”.

Shah, who became the chief executive of the Mahindra Group in April 2021, claimed that people often have misconceptions about CEOs. “I think the thing that most people will get wrong is that you can get everything done through power. Whereas, a good leader will get things done because others want to do,” he said. “To me, I would take the no as a gift”.

He claimed that while it is not easy for “someone three levels below to come up and say that you need to do something different.

# सुप्रीम कोर्ट ने दिए श्वानों के लिए शेल्टर हाउस बनाने के निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। देशभर में कुत्तों के काटने और रेबीज जैसी गंभीर बीमारी के बढ़ते मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को संज्ञान लिया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने डॉग बाइट की की एक रिपोर्ट को बेहद चिंताजनक बताते हुए कहा कि हर दिन सैकड़ों डॉग बाइट के मामले दर्ज हो रहे हैं, जिससे खासकर बच्चे और बुजुर्ग प्रभावित हो रहे हैं।**



कोर्ट ने पहले चरण में एनसीआर क्षेत्र में पांच हजार से ज्यादा आवारा कुत्तों को शेल्टर हाउस में स्थानांतरित करने का निर्णय सुनाया है। कोर्ट ने इस रिपोर्ट और अपने आदेश को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को भेजने के निर्देश दिए हैं, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। अब इंदौर नगर निगम इंटरवेंशन एप्लिकेशन दायर कर याचिका का हिस्सा बनेगा। मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने कहा कि मैं लगातार यह कहता रहा हूं कि माननीय उच्चतम न्यायालय के पूर्व आदेशों के कारण नगर निगमों के हाथ बंधे हुए थे। अब आशा की किरण नजर आती है, क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने संज्ञान लेकर स्ट्रीट डॉग्स के मामले को गंभीरता से लिया है।यह दिशा-निर्देश केवल एनसीआर तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि देश के अन्य नगर निगमों में भी लागू होंगे, जिससे डॉग बाइट के मामलों पर नियंत्रण पाया जा सकेगा। मेयर ने कहा कि यदि यह निर्देश केवल एनसीआर के लिए है तो इंदौर नगर निगम इंदौर की स्थिति भी न्यायालय के समक्ष रखेगा। हम अनुरोध करेंगे कि इंदौर जैसे बड़े शहरों के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। नगर निगम शेल्टर हाउस बनाकर वहां आवारा श्वानों को शिफ्ट करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इंदौर में पचास हजार से ज्यादा आवारा श्वान है। नगर निगम श्वानों की नसबंदी कर उन्हें फिर उसी स्थान पर छोड़ देता है। हर दिन सैकड़ों डॉग बाइट के केस सामने आ रहे है। पिछले दिनों एक युवती को चार-पांच आवारा श्वानों ने घेरकर बुरी तरह घायल कर दिया था।

## चोइथराम मंडी क्षेत्र में झांड़ियों में मिला नवजात का शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** चोइथराम मंडी क्षेत्र में सोमवार सुबह राहगीरों ने झाड़ियों में एक नवजात बच्ची का शव देखा। शव के आसपास आवारा कुत्ते घूम रहे थे। सूचना मिलने पर राजेन्द्र नगर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव को जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, मृत बच्ची की उम्र दो से तीन दिन बताई जा रही है। शव कपड़े में लिपटा हुआ था और आसपास का इलाका खाली मैदान है, जबकि आगे-पीछे कॉलोनियां स्थित हैं। इसलिए पुलिस का मानना है कि बच्ची को यहां फेंका गया है। बच्ची को कब और किसने फेंका इसे लेकर पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस का कहना है कि फुटेज मिलने पर ही सही स्थिति का पता चल सकेगा और आरोपी तक पहुंचना आसान हो पाएगा।

### बाइक का संतुलन बिगड़ने से हुआ हादसा

## मालवा मिल ब्रिज से गिरे युवक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** परदेशीपुरा इलाके में बन रहे मालवा मिल ब्रिज पर रविवार रात एक युवक हादसे का शिकार हो गया। वह बाइक का संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से उसे एमवाय अस्पताल भेजा, जहां उपचार के दौरान सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान गोलू उर्फ राधेश्याम (35) पुत्र नवलकिशोर कुशवाह निवासी मंडावला इंडोरमा



पीथमपुर के रूप में हुई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू की है। पुलिस लापरवाही को लेकर भी जांच कर रही है। मालवा मिल ब्रिज का निर्माण कार्य करीब 4 माह से जारी है, जिसकी समय सीमा 1 वर्ष तय की गई है। निर्माण के दौरान ब्रिज के दोनों छोर पर बेरिकेट्स से रास्ता बंद नहीं किया गया था। रात में गोलू बाइक का संतुलन खो बैठा और नीचे गिर गया। स्थानीय लोगों ने उसे बाहर निकालकर अस्पताल भेजा, लेकिन वह बच नहीं सका।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक